1781

लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................../सम्बद्धता/2017

दिनांक :..

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

कार्यालय—ज्ञाप

संदर्भ :— विश्वविद्यालय से निर्गत नोटिस संख्या : एएफ 50740—45/ सम्ब./2017, दिनांक 08.11.2017

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त जिन महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पूर्व से संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों की **सहयुक्तता 30 जून, 2018 को समाप्त होने जा रही है,** के सम्बन्ध में सूच्य है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उ0प्र0 शासन द्वारा 28 फरवरी तक निरीक्षण आख्या/प्रस्ताव विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने एवं 10 मई, तक बी0एड0 पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता के निस्तारण हेतु अन्तिम तिथि पूर्व से निर्धारित है।

अतः ऐसे सहयुक्त महाविद्यालयों जिनमें स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों की अस्थायी **सहयुक्तता 30 जून, 2018 को समाप्त** होने जा रही है, को **सम्मुख बाक्स में अंकित पत्र के कम में** पुनः निर्देशित किया जाता है कि — **"आगामी शिक्षण सत्र 2018—19 से स्थायी सहयुक्तता (जिनके तीन वर्ष के परीक्षा परिणाम प्राप्त हो चुके हैं)/पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता को 2018—19 के लिए विस्तरण प्रदान किये जाने हेतु समस्त कमियों के निस्तारणोपरान्त स्थलीय निरीक्षण आख्या/सुसंगत प्रस्ताव प्रत्येक दशा में 28.02.2018 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2018—19 से प्रवेश प्रतिबन्धित समझा जायेगा जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।"**

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : AF-52242-48 दिनांक : 30/11/17

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति के अवलोकनार्थ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0।
4. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0।
5. इंचार्ज, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त बी0एड0 महाविद्यालयों को ई—मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रबन्धक, समस्त बी0एड0 सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ/अनुपालनार्थ।
8. गार्ड फाईल।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)